क्रिकेट | फाइनल में टीम केसरी को 12 रन से दी शिकस्त

# रॉयल सनराइज का एडवोकेट कप पर कब्जा



**जबलपुर, नवभारत।** लाल मैदान संजीवनी नगर में आयोजित रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच रॉयल सनराइज और केसरी इलेवन के बीच खेला गया। इसमें रॉयल सनराइज टीम ने 12 रन से जीत दर्ज कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

फाइनल मैच के प्लेयर ऑफ द मैच हितेश कुन्दनानी, प्लेयर ऑफ द सीरीज़ एवं बेस्ट बॉलर रॉयल सनराइज के आकाश केवट, बेस्ट बैटर एवेंजर्स के अतुल ताम्रकर रहे। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, भाजपा नेता पंकज दुबे, अभय सिंह ठाकुर, जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन, डॉ. सुधांशु गुप्ता, क्षेत्रीय पार्षद पूजा श्रीराम पटेल, विशिष्ट अतिथि मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष आरके सिंह सैनी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, उपाध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी, सह सचिव मनोज शिवहरे आदि उपस्थित रहे।

### विजेता एवं उपविजेता टीमों को किया गया पुरस्कृत

टूर्नामेंट में विजेता टीम रॉयल सनराइज को ट्रॉफी और 31000 रुपये नगद राशि का पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि उपविजेता टीम केसरी को ट्रॉफी एवं 11000 रुपये, तीसरे नंबर की टीम एवेंजर्स को 5100 व ट्रॉफी चौथे नंबर की टीम सनराइज को 3100 व ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में समिति के एड. जय यादव, एड. रूपेंद्र तिवारी, एड. मनोज शिवहरे, एड. दामोदर पाटकर, एड. अमित आचार्य, एड. महेंद्र श्रीवास एड. राज मोहोड़, एड. गुरुप्रसाद सिंह कुशवाहा का योगदान रहा।

## भूमि डायवर्सन के मामले में पूर्व में दी गई अनुमतियों की जांच के निर्देश

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने भोपाल के भूमि डायवर्सन के मामले में पूर्व में दी गई अनुमतियों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि यह पता लगाएं कि जब भूमि को सरकारी चरनोई बताया जा रहा था, तब किन परिस्थितियों में अन्य व्यक्तियों को अनुमति दी गई। जस्टिस दीपक खोत की एकलपीठ ने सभी संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर देकर छह माह के भीतर जांच पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। भोपाल निवासी निर्मला यादव की ओर से अधिवक्ता केके पांडे एवं सिद्धार्थ एस पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता ने वर्ष 1986 में ग्राम हिनोतिया आलम, तहसील हुजूर, जिला भोपाल स्थित खसरा नंबर 9/1/1/4/2 की लगभग 3 एकड़ भूमि पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से खरीदी थी। भूमि का नामांतरण भी याचिकाकर्ता के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया गया तथा भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका भी जारी की गई। इसके अतिरिक्त टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग द्वारा उक्त भूमि को भोपाल विकास योजना 2005 में शामिल किया गया था। याचिकाकर्ता ने वर्ष 2012 में भूमि डायवर्सन की अनुमति के लिए आवेदन दिया, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया। बाद में हाईकोर्ट के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने आवेदन यह कहते हुए निरस्त कर दिया गया कि उक्त भूमि वर्ष 1959 के राजस्व रिकॉर्ड में 'चरनोई/सरकारी भूमि' के रूप में दर्ज है।



# ए 3, बकार्डी 11 , अनुभाग जेडब्ल्यूएम इलेवन और भरण 9 की टीम विजयी

**नवभारत,जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वाधान में खेली जा रही स्वर्गीय आर एस त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में तीन मैच खेले गए। पहले मैच में ए 3 बकार्डी ने



निर्धारित 10 ओवरों में 84 रन बनाए जिसके जवाब में ए 2 ईडीएस की टीम 81 रन ही बना सकी और मैच हार गई। दूसरे मैच में ए 6 सुपर अनुभाग की टीम ने बैटिंग करते हुए 10 ओवरों 76 रनों का स्कोर बनाया। मैच की दूसरी पारी में जेडब्ल्यूएम 11 की टीम ने मात्र 8.4 ओवरों में 77 रन बनाकर मैच जीत लिया। तीसरे और अंतिम मैच में विद्युत अनुभाग की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया तथा 9.3ओवरों में 68 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी एफ 9 भरण की टीम ने 69 रन बनाकर मैच जीत लिया।

पहले मैच के मैन ऑफ द मैच विनय, दूसरे मैच के मैन ऑफ द मैच जितेंद्र जाखड़ और तीसरे मैच के मैन ऑफ द मैच पंकज शर्मा रहे। मुख्य अतिथि के रूप में आयुध निर्माणी खमरिया के श्याम लाल ,राकेश रंजन ,हृदेश यादव ,संतोष सिंह ,प्रकाश सिंह रावत ,प्रकाश ठाकुर, महेंद्र रजक ,संजय शर्मा मौजूद रहे। निर्णायक की भूमिका निखिल यादव, मुकेश मैडी, भूपेंद्र गोंटिया, दिनेश दास, जसवंत रावत अपूर्व श्रीवास्तव ने निभाई। कॉमेंटेटर के रूप में सुनील खत्री,ठाकुर गजेंद्र पाल सिंह रहे।

# पंजाबी स्मैशर्स ने जीती पंजाबी यूनिटी लीग

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर की समाज सेवा में अग्रणी संस्था पंजाबी महासंघ जबलपुर की यूथ विंग के तत्वाधान में आयोजित पंजाबी यूनिटी लीग (सीजन फर्स्ट) चैलेंज ट्रॉफी का शिवाजी ग्राउंड सदर में ग्रैंड सेलिब्रेशन के साथ समापन हुआ। इस मुकाबले में जनता डेरी पंजाबी स्मैशर्स ने पंजाबी पैंथर्स को 37 रन से हराकर ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया।



पंजाबी महासंघ जबलपुर यूथ विंग के अध्यक्ष कौशल सूरी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में संपूर्ण पंजाबी परिवारों के लगभग 120 बच्चों ने 8 टीमों के रूप में भाग लिया एवं खेल भावना से व आपसी सद्भाव से उत्प्रोत हो यह सामाजिक प्रेम का संदेश देने वाला है टूर्नामेंट भव्यता के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश सिंह (लोक निर्माण मंत्री मध्य प्रदेश शासन)मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विशिष्ट अतिथि के रूप में मेरठ से पधारे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर करण शर्मा रहे, उन्हें मिलने साथ में सेल्फी लेने फोटो खिंचवाने वह ऑटोग्राफ लेने वालों की भीड़ ने उन्हें ग्राउंड में चारों तरफ से घेरे रखा। फाइनल मुकाबले में उन्होंने विजेता टीम जनता डेरी पंजाबी स्मैशर्स को विजय ट्रॉफी प्रदान की। साथी अन्य ट्रॉफी एवं पुरस्कार वितरण करण शर्मा (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर), नितिन भाटिया राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ, रिकुंज विज (अध्यक्ष नगर निगम जबलपुर), नीता नारंग (अध्यक्ष पंजाबी महासंघ महिला समिति), कौशल सूरी अध्यक्ष पंजाबी महासंघ (यूथ विंग) एवं संरक्षक हिमांशु जग्गी और शैलेंद्र कपूर द्वारा किया गया।

### महिला विंग ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

टूर्नामेंट के अंतिम पांचवें दिन खेल की शुरुआत पंजाबी महासंघ जबलपुर महिला विंग की क्रिकेट टीम के मैच के साथ हुई जिसमें कप्तान निधि तनेजा की टीम आयरन रोजेस ने विजय हासिल की। इसके साथ-साथ सीनियर वर्ग का भी एक मैच खेला गया जिसमें तिलक राज ग्रुप के डायरेक्टर कुलदीपक कोहली की टीम ने विजन महल टीम पर विजय प्राप्त की। इस संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में पंजाबी महासंघ जबलपुर के संरक्षक अशोक वाधवा, सचिव अरविंद नैय्यर, उपाध्यक्ष राजेश चंडोक, विनोद वाधवा, सह-सचिव श्री राकेश महाजन, पुनीत गुलाटी जोगेश भाटिया, मनोज नारंग, दीपक लाला, नीरज भसीन, संजय भाटिया सतीश वर्मा, दीपक चंडोक, धीरज सभरवाल, दुर्गेश धूपर, सुनील वर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# अण्डर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता 20 से

**नवभारत,जबलपुर।** एमएच क्रिकेट क्लब एवं गोलबाजार क्रिकेट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 20 मई से शिवाजी मैदान में अंडर 14 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शहर की 6 टीमें हिस्सा ले रही है, जिन्हें दो फूल में बांटा जाएगा। टूर्नामेंट लीग आधार पर खेला जाएगा। टूर्नामेंट का आयोजन खालसा लीगल एड द्वारा किया जा रहा है। टूर्नामेंट में एमएच क्रिकेट क्लब, गोलबाजार क्रिकेट क्लब, हिमालय क्रिकेट क्लब, संजीवनी क्रिकेट क्लब, नर्मदा क्रिकेट क्लब एवं क्रिकेट हेड क्वार्टर की टीम हिस्सा ले रही है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र)

**पंचम निविदा सूचना**

N.I.T.No./PWD/e-tendering/PRO/157 Date : 11/05/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender ID-2026_UAD_506492_1 Date-15/05/2026 | महाराजा अग्रसेन वार्ड अंतर्गत जॉय स्कूल से शक्ति भोग की ओर डामलीकरण का कार्य। (CM MONITA+) | 04 माह<br>39.82 लाख | 5000/-<br>29871/- | 29/05/2026 |
| 2. | Tender ID-2026_UAD_506492_2 Date-15/05/2026 | चेरीताल वार्ड अंतर्गत राठौर का चौराहे से शिव शक्ति मंदिर तक एवं नीलेश रावल के घर के सामने से अवस्थी के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (CM MONITA+) | 03 माह<br>6.74 लाख | 2000/-<br>6742/- | 29/05/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptender.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। कार्यपालन यंत्री लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर




## डॉ .सर्वेदे भारतीय कृषि वानिकी सोसायटी फेलोशिप अवॉर्ड से सम्मानित

**नवभारत,जबलपुर।** कृषि वानिकी अनुसंधान संस्थान, झांसी के स्थापना दिवस और राष्ट्रीय कृषि वानिकी दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के वानिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सोमनाथ सर्वदे को कृषि वानिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए भारतीय कृषि वानिकी सोसायटी फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान डॉ. सर्वेदे को कृषि वानिकी अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए एनआरएम महानिदेशक डॉ. ए.के. नायक, आईसीएआर डॉ. राकेश कुमार, आईजीएफआरआई निदेशक डॉ. पंकज कौशल तथा सीएएफआरआई निदेशक डॉ. ए. अरूणांचलम की गरिमामय उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। डॉ. सर्वेदे को भारतीय कृषि वानिकी सोसायटी फेलोशिप अवार्ड से सम्मानित होने पर जनेकृविवि के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यहां के वैज्ञानिक लगातार अपने अनुसंधान कार्यों से देश-विदेश में विश्वविद्यालय को गौरवान्वित कर रहे हैं।

इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बार्चे, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. ए.के. जैन, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, लेखानियंत्रक श्रीमति संजू तिवारी, उप लेखानियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अजय खरे, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, डॉ. अल्पना सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा सहित विश्वविद्यालय के प्रध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारी सहित अन्य ने बधाई प्रेषित की है।

## स्वच्छता के 'पंच' का जश्न, विधायक ने सफाई मित्रों का किया सम्मान

**नवभारत,जबलपुर।** सुभाष चंद्र बनर्जी वार्ड द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार 5 वर्षों से प्रथम स्थान प्राप्त करने के गौरवशाली उपलक्ष्य में सोमवार को एक विशेष सम्मान समारोह सिंघई पैलेस, सिविल लाइन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी ने स्वच्छता के असली नायकों-सफाई मित्रों के साथ न केवल समय बिताया, बल्कि उनके साथ बैठकर भोजन ग्रहण कर समरसता का संदेश दिया। सफाई मित्रों का सम्मान और उत्साहवर्धन करने के दौरान विधायक अशोक रोहाणी ने वार्ड को स्वच्छता में नंबर-1 बनाए रखने के लिए सफाई मित्रों के



कठिन परिश्रम और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सबसे बड़ा योगदान हमारे सफाई मित्रों का है, जो दिन-रात निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं।' विधायक द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को पुरस्कृत भी किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में वार्ड के विकास और स्वच्छता अभियान को गति देने वाले प्रमुख जन प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता जिनमें मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष आशीष राव, पार्षद श्याम कनौजिया, अभिषेक पॉल, ज्योति रेड्डी, अंकित फ्रांसिस उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी सफाई मित्रों ने विधायक के इस अपनेपन और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

## समर कैंप में छात्र रोज सीख रहे नई-नई तकनीक



**नवभारत,जबलपुर।** हितकारिणी महिला महाविद्यालय में चल रहे हितकारिणी सभा विद्या परिषद् के समर कैंप में छात्र प्रतिदिन खेलों की नई-नई तकनीक सीख रहे हैं। विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक उन्हें नई-नई तकनीक से अवगत करा रहे हैं जिसमें छात्र ध्यान पूर्वक अपना रहे हैं । समर कैंप के 11 दिन भी छात्रों का उत्साह लगातार चरम पर है । प्रतिदिन समय पर उपस्थित होकर सभी छात्र अलग-अलग विधाओं में अपना प्रदर्शन कर नई तकनीक सीख रहे हैं।

समर कैंप में दिए जा रहे सभी विधाओं में निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं को लाभ हो रहा है जैसे जुंबा डांस केवल मनोरंजन नहीं बल्कि वह हेल्थी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनता जा रहा है और युवाओं के लिए फिटनेस आत्मविश्वास को व्यक्त करने का जरिया भी बन रहा है, योग से छात्रों का मानसिक संतुलन मजबूत हो रहा है । इसी क्रम में बुधवार दिनांक 13 मई को छात्रों को गन एंड ग्लोरी शूटिंग अकादमी का विजिट कराया जाना है जिसमें छात्र एयर राइफल से निशानेबाजी सीखेंगे और भविष्य में इन खेलों में अपना भविष्य बना सकते हैं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र)

**प्रथम निविदा सूचना**

N.I.T.No./PWD/e-tendering/PRO/158 Date : 11/05/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender ID-2026_UAD_504516_1 Date-14/05/2026 | चेरी वार्ड अंतर्गत वसुधरा कॉलोनी में कैलाश नेमा से हनुमंत सिंह जी एवं कंचन एवेन्यु मेन गेट से लेकर छाया डयूप्लेक्स गार्डन तक एम-30 सी.सी.सड़क निर्माण कार्य। (अध्यक्ष मद) | 03 माह<br>11.66 लाख | 2000/-<br>8752/- | 12/06/2026 |
| 2. | Tender ID-2026_UAD_504516_2 Date-14/05/2026 | जय प्रकाश नारायण वार्ड अंतर्गत नरेश बजाज जी के निवास के पास एम-30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (अध्यक्ष मद) | 03 माह<br>19.72 लाख | 2000/-<br>14791/- | 12/06/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptender.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। कार्यपालन यंत्री लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर



## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

**द्वितीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | PRO-150 Date- 11/05/2026<br>2026_UAD_506449_1 | संभाग क्रमांक-06 अंतर्गत पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड अंतर्गत श्री ईको कृष्णम सिटी सोसायटी माढ़ोताल में नाली निर्माण कार्य।(महापौर-अनुशंसा) | तीन माह<br>7.99/- (लाख) | 2000/-<br>7994/- | 18/05/2026 |
| 2. | PRO-150 Date- 11/05/2026<br>2026_UAD_506449_2 | संभाग क्रमांक-06 अंतर्गत पंडित गोविंद वल्लभ पंत वार्ड में मछली मार्केट राधे पान सेंटर से लेकर सुजीपुरा मस्जिद तक रोड का सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद-अनुशंसा) | तीन माह<br>7.77/- (लाख) | 2000/-<br>7780/- | |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम जबलपुर


उल्लास 2026 | ड्राइंग, रंगोली और फैंसी ड्रेस जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं हुई आयोजित

# बच्चों की प्रतिभा ही देश की प्रगति निश्चित करती है : मुख्य न्यायाधीश सचदेवा



**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने कहा कि बच्चों का बचपन हम सभी को कुछ न कुछ सिखाता है। उनकी प्रतिभा ही देश की प्रगति निश्चित करती है। एक विकसित और विकासशील देश के लिए यह महत्वपूर्ण है कि उसकी आने वाली पीढ़ी प्रतिभावान हो। मुख्य न्यायाधीश मुख्यपीठ जबलपुर में आयोजित उल्लास 2026 सांस्कृतिक कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उच्च न्यायालय जबलपुर, मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम पहली बार मुख्यपीठ जबलपुर में हुआ। 2024 और 2025 में यह खंडपीठ ग्वालियर में हुआ था। कार्यक्रम में अधिकारीगण एवं कर्मचारियों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। न्यायाधीश विवेक रूसिया, न्यायाधीश आनंद पाठक एवं न्यायाधीश विशाल धगट विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित रहे।

### प्रतिभाओं को निखारने का मंच

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया ने कहा कि उल्लास जैसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास में बडी भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार के नियोजन नवीन पीढ़ी को एक मंच देते हैं जहां वे अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर दूसरे बच्चों को भी प्रोत्साहित करते हैं। यह बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आनंद पाठक ने कहा कि यह कार्यक्रम अकेला मनोरंजन नहीं है बल्कि बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को पहचान देने एवं उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास है। कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस, रंगोली ड्राइंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं तीन आयु वर्गों कार्यक्रम में आयोजित की गई। इस अवसर पर न्यायाधीश रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन, न्यायाधीश बीपी शर्मा, रजिस्ट्रार जनरल धरमिन्दर सिंह, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जबलपुर कृष्णमूर्ति मिश्र, संचालक, मध्य प्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी उमेश कर्मचारी उपस्थित थे


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

**// तृतीय निविदा सूचना//**

N.I.T.No.:/PWD/08/PRO No.162 Dated : 11/05/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_506607_1 Date-14/05/2026 | हनुमान वार्ड अंतर्गत नन्हे जैन मंदिर के पास विभिन्न सड़कों का सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>3.08 लाख | 2000/-<br>3084/- | 28/05/2026 |
| 2 | 2026_UAD_506607_2 Date-14/05/2026 | माँ खेरमाई वार्ड अंतर्गत धीरज सोनकर से नंदू खटीक तक, झारिया डॉ. के घर के सामने, संजू साहू के घर के सामने, दीपचन्द्र सोनकर वाली शुक्रवारी बजरिया से मिलन मिश्रा तक एवं लोकी श्रीवास्तव वाली गली में नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>4.22 लाख | 2000/-<br>4222/- | |
| 3 | 2026_UAD_506607_3 Date-14/05/2026 | माँ खेरमाई वार्ड अंतर्गत शुक्रवारी बजरिया से मिलन मिश्रा तक, लोकी श्रीवास्तव वाली गली में एवं रघु महाराज वाली गली से अशोक सेन वाली गली तक सड़क का सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>4.23 लाख | 2000/-<br>4233/- | |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री(लोककर्म) नगर पालिक निगम जबलपुर